आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 14.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिए हैं कि मलेरिया, डायरिया और मौसमी बीमारियों से प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं।

2– जशपुर जिले में सामाजिक जागरूकता व्यवहार परिवर्तन के लिए "संकल्प जशपुर" कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

3– राज्य सरकार ने समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की निगरानी करने समिति का किया गठन।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की संभावना जताई।

मुख्यमंत्री–निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में मलेरिया, डायरिया, जलजनित बीमारी सहित मौसमी बीमारियों की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार किया जाए। श्री साय ने सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित करने को भी कहा है।

इससे पहले, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम चिल्फी, झलमला, तरेगांव और सोनवाही का कल यहां स्वास्थ्य संबंधी स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि सोनवाही में पांच ग्रामीणों की मौत अलग–अलग कारणों से और अलग–अलग जगहों में हुई है।

बीजापुर मलेरिया–मौत

बीजापुर जिले में संगमपल्ली पोटाकेबिन की एक छात्रा की मलेरिया से मौत हो गई है। छात्रा को बेहोशी कि हालत में कल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि संगमपल्ली पोटाकेबिन में बीते कुछ दिनों के दौरान मलेरिया से दो बच्चों की मौत हो चुकी है। वहीं, बीजापुर ब्लॉक स्थित छात्रावासों के एक सत्यासी बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कल बीजापुर पहुंचेंगे। इसके बाद वे पोटाकेबिन और जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे। साथ ही अधिकारियों की बैठक भी लेंगे।

उधर, जांजगीर–चाम्पा के करमंदा गांव में आज डायरिया से पीड़ित दो और नए मरीज मिले हैं। इस गांव में अब डायरिया से पीड़ित लोगों की संख्या बहत्तर हो चुकी है, जिसमें से छब्बीस मरीजों को बलौदा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में शिविर लगाकर लोगों की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री–संकल्प जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के दुलदुला में सामाजिक जागरूकता व्यवहार परिवर्तन के लिए संचालित "संकल्प जशपुर" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले में महिलाओं को जागरूक करने, बाल विवाह रोकने, टीकाकरण, सिकलसेल और सर्पदंश की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, नुक्कड़ नाटक

के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने संकल्प कार्यक्रम के वीडियो और कटआउट का विमोचन भी किया।

## जनसमस्या निवारण शिविर

कोंडागांव जिले के ग्राम धनोरा में कल जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। शिविर में अलग–अलग विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर सांसद भोजराज नाग ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लोगों से पेड़ लगाने की अपील की।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री–सियान सदन

केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज मुंगेली जिले के रामगढ़ में आनंदाश्रम परिसर में नवनिर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण किया। रामगढ़ में करीब बीस लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन का निर्माण किया गया है, जिसमें एक हाल, दो कक्ष और दो शौचालय हैं। कार्यक्रम में आनंदाश्रम के सत्रह वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज के गौरव हैं। उनके मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए हम सब अपने समाज और देश का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस संसार में सबसे बड़े भगवान हमारे माता–पिता और गुरु हैं। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी संबोधित किया।

## निर्माण कार्य–समिति गठित

राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा कराने और परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया है। इस सबंध में नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने समिति के कर्तव्यों और समीक्षा की प्रक्रिया निर्धारित करते हुए संबंधितों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आदेश के अनुसार नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय निगरानी समिति का विस्तार राज्य के सभी नगरीय निकायों में होगा। समिति नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री तथा भारसाधक मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। विभागीय सचिव द्वारा सौंपी गई अन्य योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा भी समिति द्वारा की जाएगी।

नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी हर पन्द्रह दिनों में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर ऑनलाइन पोर्टल में कार्यवाही विवरण दर्ज करेंगे। नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में पैंतालीस दिनों में संचालनालय तथा सूडा स्तर पर समीक्षा की जाएगी।

## 'एक पेड़ मां के नाम'

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत जशपुर जिले में पौधरोपण का शुभारंभ किया। उन्होंने दुलदुला में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की दस हितग्राही महिलाओं को अमरूद का पौधा और संदेश पत्र भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की है, ताकि भविष्य में आने वाले पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत जशपुर जिले में दो लाख से अधिक पौधे वितरित किए जायेंगे।

उधर, जांजगीर–चांपा जिले के जिला पंचायत परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत निःशुल्क पौधा वितरण के लिए 'हरियाली रथ' को रवाना किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने वाहन को हरी झंडी दिखाई। वहीं, उपस्थित लोगों को पौधों का वितरण भी किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने जिलेवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की।

नेशनल लोक अदालत

छत्तीसगढ़ में कल आयोजित की गई राष्ट्रीय लोक अदालत में आठ लाख इकतीस हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसमें दो सौ तीस करोड़ नौ लाख रूपये से अधिक के अवार्ड पारित किए गए। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने नेशनल लोक अदालत के तहत राज्य के सभी तेईस जिलों का वर्चुअल माध्यम से निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों और अन्य खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद तथा चर्चा की।

वहीं, न्यायाधीश गौतम भादुड़ी ने कोरबा में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य और कोशिश है कि आपसी झगड़े और विवाद में जल्द से जल्द विराम लगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रकरणों को सुलझाने के मामले में छत्तीसगढ़ अन्य कई बड़े राज्यों से आगे हैं।

उधर, कोंडागांव में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार जयसवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने न्याय की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने न्याय के महत्व और आवश्यकताओं पर अपने विचार भी साझा किए।

अनिल टुटेजा–यूपी पुलिस

छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले मामले में उत्तरप्रदेश पुलिस ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। उत्तरप्रदेश पुलिस ने अनिल टुटेजा के प्रोडक्शन वारंट के लिए आवेदन लगाया था, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। श्री टुटेजा को पुलिस कल मेरठ कोर्ट में पेश कर सकती है।

गौरतलब है कि नकली होलोग्राम बनाने के मामले में अनिल टूटेजा के खिलाफ उत्तरप्रदेश में भी अपराध दर्ज है। इससे पहले, इसी मामले में उत्तरप्रदेश पुलिस ने अनवर ढेबर और पूर्व विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी को भी गिरफ्तार किया है।

अंतर्राज्यीय आरोपी–गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने मेडिकल रिप्रजेंटेटिव फ्रेन्चायजी खुलवाने का झांसा देकर लाखों रूपये की ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से पच्चीस हजार रूपये नगद और दो मोबाईल फोन जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने एक व्यक्ति से साढ़े चौदह लाख रूपए की ठगी की थी और उनके खिलाफ दिल्ली और झारखंड में भी मामला दर्ज है। वहीं, एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

वहीं, सक्ती जिले की बाराद्वार पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ो रूपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। वहीं, अन्य आरोपी फरार हैं जिसकी तलाश की जा रही है।

बास्केटबॉल–स्वर्ण पदक

राजनांदगांव की टीम ने फाइनल मुकाबले में वाराणसी की टीम को हराया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में अलग–अलग वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कल प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने, गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने के आसार है।

संक्षिप्त समाचार

– प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई है। योजना में किसान सिंचित–असिंचित धान, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर, तुअर, रागी और सोयाबीन का बीमा करा सकते हैं।

– कोरिया जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

– राजनांदगांव में आयोजित अखिल भारतीय अंतर साई बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजनांदगांव की बालक वर्ग की टीम ने स्वर्ण पदक जीता है।

– दुर्ग पुलिस ने भिलाई के पावर हाउस के पास एक चारपहिया वाहन से गांजा तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त बीस किलो गांजे की कीमत चार लाख रूपए बताई जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>